# विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस के अवसर पर इंटर स्कूल योग प्रतियोगिता का आयोजन

विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस के शुभ अवसर पर राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड), सेक्टर 31 के द्वारा 21 मार्च को इंटर स्कूल योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें चंडीगढ़ के 9 संस्थानों एवं विशेष विद्यालयों के करीब 70 डाउन सिंड्रोम बच्चों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण ने किया। उन्होंने बच्चों को प्रतिदिन योग करने को प्रेरित किया।

इस प्रतियोगिता में डाउन सिंड्रोम बालक एवं बालिकाओं ने अपने व्यक्तिगत एवं सामूहिक प्रदर्शन के द्वारा विभिन्न योगासन जैसे सूर्य नमस्कार, भुजंगासन, वीरभद्रासन, नटराज आसन एवं भद्रासन इत्यादि किए।

इंटर स्कूल योग प्रतियोगिता व्यक्तिगत प्रदर्शन 14 वर्ष से कम आयु वर्ग (बालिका) में कशिश गुप्ता (ग्रिड)- प्रथम, एकम (भवन विद्यालय)- द्वितीय, हरजसप्रीत (ग्रिड)- तृतीय स्थान: 14 वर्ष से कम आयु वर्ग (बालक) में सतविंदर (भवन विद्यालय)- प्रथम, कानव (भवन विद्यालय सेक्टर 27)- द्वितीय, हर्षित (सर्व शिक्षा अभियान) तृतीय स्थान; वहीं, 14 वर्ष से अधिक आयु वर्ग (बालिका) में शिखा ( ग्रिड) - प्रथम, रिचा (साधना स्पेशल स्कूल, मनीमाजरा)- द्वितीय, बुलबुल (ग्रिड)- तृतीय स्थान एवं 14 वर्ष से अधिक आयु वर्ग (बालक) में - दिव्यजीत (भवन विद्यालय सेक्टर 27)-प्रथम, मनीष (ग्रिड)- द्वितीय, वरणजीत (ग्रिड)- तृतीय स्थान प्राप्त किए।

सामूहिक प्रदर्शन का में दीक्षा, सिमरन, अभय, निशा एवं कार्तिक (ग्रिड)- प्रथम स्थान; मंतव्य एवं लावण्या (सोरेन सेक्टर- 36) -द्वितीय स्थान एवं दिव्यम एवं हरसिमरन (भवन विद्यालय सेक्टर 27)-तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सभी विजेता प्रतिभागियों को इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, सेक्टर 32 के डायरेक्टर प्रिंसिपल सह संस्थान के निदेशक डॉ जसविंदर कौर ने मेडल आदि से सम्मानित किया। वंदना सिंह, अनिल कुमार एवं मनीषा शर्मा इस प्रतियोगिता के समन्वयक थे। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के विशेष विद्यालय के प्रभारी प्राचार्या सह रिसर्च असिस्टेंट वंदना सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इसमें ग्रिड कॉलेज के पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ रवि केएम, क्लीनिक इंचार्ज डॉ रीना जैन, सहायक प्राध्यापक डॉ करुप्पास्वामी, प्रशासनिक अधिकारी जसपाल शर्मा, कुमुद गिरी, परिणीता जिंदल, उपिंदर, रविंदर कुमार, अंजली शर्मा एवं डॉ हेमंत कुमार चंद्रचूड़ इत्यादि भी उपस्थित रहे।



गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, सेक्टर 32 के डायरेक्टर प्रिंसिपल सह संस्थान के निदेशक डॉ जसविंदर कौर का फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया।




दीप प्रज्वलित करते हुए संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण।




**योग प्रतियोगिता के दौरान भद्रासन करते हुए संस्थान के विशेष विद्यालय की छात्रा शिखा।**




**योग प्रदर्शन के दौरान त्रिकोणासन करते हुए विद्यार्थी गन।**




योग प्रदर्शन के दौरान ताड़ासन करते हुए विद्यार्थी गन।




योग प्रदर्शन के दौरान पर्वतासन करते हुए विद्यार्थी गन।

दैनिक जागरण

जागरण सिटी चंडीगढ़

www.jagran.com

Dainik Jagran (Jagran City Chandigarh) Page No-05 Colum No-01 Date-22-03-2023



विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस पर आयोजित योग प्रतियोगिता में हिस्सा लेती प्रतिभागी छात्रा • स्वतः

# कशिश गुप्ता और कानव बने चैंपियन

जासं, चंडीगढ़ : विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस पर राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड) सेक्टर-31 में इंटर स्कूल योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें नौ संस्थानों एवं विशेष विद्यालयों के करीब 70 डाउन सिंड्रोम बच्चों ने हिस्सा लिया। शुभारंभ संस्थान की संयुक्त निदेशक डा. प्रीति अरुण ने किया। प्रतियोगिता में डाउन सिंड्रोम बालक एवं बालिकाओं ने व्यक्तिगत एवं सामूहिक प्रदर्शन के द्वारा विभिन्न योगासन जैसे सूर्य नमस्कार, भुजंगासन, वीरभद्रासन, नटराज आसन आदि किए। इंटर स्कूल योग प्रतियोगिता के अंडर-14 वर्ष से कम आयु वर्ग में लड़कियों की प्रतियोगिता में कशिश गुप्ता (ग्रिड) ने पहला स्थान, भवन विद्यालय की एकम ने दूसरा और हरजसप्रीत (ग्रिड) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। लड़कों की कैटेगरी में सतविंदर (भवन विद्यालय) ने पहला, कानव (भवन विद्यालय-27) ने दूसरा और हर्षित (सर्व शिक्षा अभियान) ने तीसरा स्थान हासिल किया। 14 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में लड़कियों के मुकाबले में शिखा (ग्रिड) ने पहला, रिया (साधना स्पेशल स्कूल, मनीमाजरा) ने दूसरा, बुलबुल (ग्रिड) ने तीसरा स्थान हासिल किया। लड़कों के मुकाबले में दिव्यजीत (भवन विद्यालय-27) ने पहला, मनीष (ग्रिड) ने दूसरा और वरणजीत (ग्रिड) ने तीसरा स्थान हासिल किया। सामूहिक प्रदर्शन में दीक्षा, सिमरन, अभय, निशा एवं कार्तिक (ग्रिड) ने पहला स्थान, मंतव्य एवं लावण्या (सोरेन-36) ने दूसरा, दिव्यम और हरसिमरन (भवन विद्यालय-27) ने तीसरा स्थान हासिल किया।

अमर उजाला

MY City chandigarh.amarujala.com 5 चंडीगढ़

Amar Ujala (My City Chandigarh) Pg No-03 Col No-02 Date-22-03-2023



इंटर स्कूल योग प्रतियोगिता के दौरान योग करते बच्चे। अमर उजाला

# योग प्रतियोगिता : बच्चों ने किया सूर्य नमस्कार

माई सिटी रिपोर्टर

**नौ संस्थानों और विशेष विद्यालयों के करीब 70 डाउन सिंड्रोम बच्चों ने लिया हिस्सा**

चंडीगढ़। विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस के मौके पर सेक्टर-31 स्थित राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (जिड) में मंगलवार को इंटर स्कूल योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें चंडीगढ़ के नौ संस्थानों व विशेष विद्यालयों के करीब 70 डाउन सिंड्रोम बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ. प्रीति अरुण ने किया।

इस प्रतियोगिता में डाउन सिंड्रोम बालक एवं बालिकाओं ने अपने व्यक्तिगत एवं सामूहिक प्रदर्शन के द्वारा विभिन्न योगासन जैसे सूर्य नमस्कार, भुजंगासन, वीरभद्रासन, नटराज आसन एवं भद्रासन इत्यादि किए। इंटर स्कूल योग प्रतियोगिता व्यक्तिगत प्रदर्शन 14 वर्ष से कम आयु वर्ग (बालिका) में काशिश गुप्ता (जिड)- प्रथम, एकम (भवन विद्यालय)- द्वितीय, हरजसप्रीत (जिड)- तृतीय स्थान हासिल किया। 14 वर्ष से कम आयु वर्ग (बालक) में सतविंदर (भवन विद्यालय)- प्रथम, कानव (भवन विद्यालय सेक्टर 27)- द्वितीय, हर्षित (सर्व शिक्षा अभियान) तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को जीएमसीएच-32 की निदेशक डॉ. जसबिंदर कौर ने पदक से सम्मानित किया।

न्यूज़ कवरेज